# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | **Monthly Publication**

फरवरी-मार्च 2008 (अंक 177) | **February-March 2008 (Issue 177)**




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर (बायें से दूसरे) 15 फरवरी 2008 को ए.पी.एस. कामठी भ्रमण के दौरान श्री वी. सदाशीवम, पी.वी.एस.एम. मेजर जनरल, सेना डाक सेवा (बायें से तीसरे) और ए.पी.एस. के अन्य अधिकारियों के साथ दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने सेना डाक सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

राष्ट्रीय बचत संस्थान जिस पर संसाधनो को एकत्रित करने और राष्ट्रीय बचत उत्पादों की मार्केटिंग करने वाली एजेंसियों को प्रशिक्षण देने का उत्तरदायित्व है, हाल ही में ए.पी.एस. कामठी सेंटर नागपुर के लिये एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक और प्रमुख राष्ट्रीय बचत संस्थान ने बेस आफिसेस में बचत उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न बाजारीय नितियों के बारे में मेजर जनरल श्री वी. सदाशीवम से चर्चा की। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, एन एस आई ने आगे कहाँ कि संसाधनों के एकत्रिकरण में सेना डाक सेवा के अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और राष्ट्रीय बचत उत्पादों तथा सेना कर्मियों के बीच महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र निभाते है।

मेजर जनरल वी. सदाशिवम, पी.वी.एस.एम. ने राष्ट्रीय बचत संस्थान के साथ ए.पी.एस. ट्रेनिंग सेंटर के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त कि क्योंकि इससे पूरे देश में स्थित विभिन्न ए.पी.एस. बेस कार्यालयों में जमा वृद्धि करने में और दोनो संगठनों में आपसी सहयोग विकसित करने में मदत मिलेगी।

राष्ट्रीय बचत संस्थान की भविष्य में यह नीति है कि विभिन्न ए.पी.एस. के बेस कार्यालयों में कार्यरत सेना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा विपणन और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना तथा लोक भविष्य निधि पर प्रशिक्षण दिया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष एन.एस.आई. इंदौर में फरवरी 2008 में क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के अधिकारियों के लिये आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दाये) श्री संजयकुमार सिंह, प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंदौर, श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एन.एस.आई. (मुख्यालय) श्री हेमंत लहाने, सहायक प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंदौर, श्री पद्म सिंह, क्षेत्रीय निदेशक वरिष्ठ एन.एस.आई. नागपुर केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर केन्द्र ने फरवरी 2008 में इंदौर में स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को लोक भविष्य निधि, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के प्रचालन को प्रभावशाली बनाना और उनके ज्ञान को अद्यतन करना था। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने उद्घाटन संबोधन में विभिन्न वितरण माध्यमों जैसें बैंक और डाकघर द्वारा अल्प बचत निवेशकों को दी जानेवाली सेवाओं पर प्रकाश डाला। डा. संजय के. सिंह, प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंदौर ने बैंक कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान के प्रयासों की सराहना किया और आशा व्यक्त कि की यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों को उपभोक्ताओं के बीच पहुँचाने में बैंक अधिकारियों के लिये लाभदायक होगी। श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, एन.एस.आई. (मुख्यालय) और श्री पद्म सिंह, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) नागपुर ने दो मुख्य उत्पादों लोक भविष्य निधि तथा वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर प्रशिक्षण दिया। इसमें कुल 25 वरिष्ठ प्रबंधकों ने भाग लिया।




श्री पी.के. राय, सहायक निदेशक, एन.एस.आई. कोलकाता सेंटर, डाक कर्मियों के लिये आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डाक कर्मियों को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है।




श्री दयानंद शर्मा, पूर्व ग्राम प्रमुख, राजोकरी, राष्ट्रीय बचत संस्थान, दिल्ली केन्द्र द्वारा ग्रामिण क्षेत्र में बचत को बढ़ावा देने के लिये आयोजित बचत मेला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है।

## भारत सरकार ने डाक घर मासिक आय योजना में संशोधन किया

केन्द्रीय सरकार सरकारी बचत बैंक अधिनियम 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये डाकघर मासिक आय खाता नियम 1987 का संशोधन अधिसूचना सं. जी एस. आर. 763 (ई) दिनांक 8 दिसम्बर 2007 द्वारा किया है। इन नियमों का संक्षिप्त नाम डाकघर मासिक आय खाता (दूसरा संशोधन) नियम 2007 है और ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे। इन संशोधन के अंतर्गत 8 दिसम्बर 2007 को या उसके बाद खोले गये नये डाकघर मासिक आय खातों में जमा राशि पर 5 प्रतिशत के बराबर बोनस राशि खातों में देय होगी।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों उपभोक्ताओं विशेष रेडियो अभियान प्रारम्भ किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने डी.ए.वी.पी. नई दिल्ली के माध्यम से ग्रामीण तथा उत्तर–पूर्व एवं जम्मू कश्मीर के दूर–दराज क्षेत्रो के उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय बचत उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये विशेष रेडियो जिंगल तैयार किया है। उक्त जिंगल का प्रसारण राष्ट्रीय बचत संस्थान के द्वारा 15 मार्च से 15 अप्रैल 2008 तक ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में किया जायेगा जिससे कि राष्ट्रीय बचत संस्थान की पैठ ग्रामीण बाजारों में पहुँचने में मदद मिलेगी।




कर्नाटक के प्रसिद्ध लोक नृत्य 'यक्षगंगा' के कलाकार राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र द्वारा भारत सरकार के गाना एवं ड्रामा विभाग के सहयोग से हैलीकोटी ग्राम, तालुका दोदाबल्लापुर में आयोजित विशेष ग्रामिण बचत अभियान के दौरान अपना कार्यक्रम प्रदर्शित करते हुये। साथ में श्री दंडे सहायक निदेशक (एकदम बायें) और श्री बी. राजु बाबु क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर भी दिखाई दे रहे है।

## अप्रैल से जनवरी 2008 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनवरी 2007 तक | | जनवरी 2008 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 8183.63 | 2197.27 | 7285.72 | -502.84 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 63.94 | 22.11 | 72.22 | 21.83 |
| 3. | असम | 1447.37 | -350.06 | 1241.37 | -493.41 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 25.46 | 11.87 | 20.76 | 3.24 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 217.17 | -364.06 | 227.61 | -21.91 |
| 6. | बिहार | 4503.47 | 1482.38 | 4414.14 | 598.70 |
| 7. | झारखंड | 2097.28 | 914.82 | 1538.92 | -36.07 |
| 8. | चंडीगढ | 336.81 | -39.07 | 284.61 | -159.38 |
| 9. | दमण एवं दीव | 331.89 | 105.74 | 343.50 | -141.59 |
| 10. | दिल्ली | 5257.03 | 1540.14 | 3434.48 | -1089.25 |
| 11. | गोवा | 474.53 | 292.93 | 263.22 | -6.93 |
| 12. | गुजरात | 11571.22 | 2955.50 | 9141.21 | -1665.70 |
| 13. | हरियाणा | 4046.76 | 765.31 | 3519.37 | -456.40 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1975.43 | 497.83 | 1812.60 | 35.51 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1253.40 | 316.72 | 1199.72 | -66.19 |
| 16. | कर्नाटक | 5720.84 | 1034.94 | 4119.93 | -727.13 |
| 17. | केरल | 4013.19 | 983.48 | 3292.45 | -534.13 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.72 | 0.94 | 1.38 | -0.66 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 3727.95 | 1063.13 | 3162.35 | -447.45 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1237.61 | 393.09 | 1080.43 | -41.57 |
| 21. | महाराष्ट्र | 13417.95 | 3494.50 | 9960.65 | -1709.91 |
| 22. | मणिपुर | 67.33 | 10.99 | 52.92 | -17.86 |
| 23. | मेघालय | 134.72 | 8.03 | 122.33 | 0.44 |
| 24. | मिझोरम | 71.66 | -0.27 | 55.66 | -17.65 |
| 25. | नागालैंड | 34.36 | 7.54 | 26.84 | -8.31 |
| 26. | उडीसा | 2271.01 | 682.75 | 1958.22 | 45.14 |
| 27. | पांडीचेरी | 126.13 | 30.84 | 90.61 | -26.71 |
| 28. | पंजाब | 7449.98 | 1327.92 | 6474.99 | -785.29 |
| 29. | राजस्थान | 5882.57 | 697.09 | 5334.77 | -1472.17 |
| 30. | सिक्कीम | 35.46 | 0.70 | 40.04 | -13.57 |
| 31. | तमिलनाडू | 8349.65 | 2404.37 | 6317.96 | -847.90 |
| 32. | त्रिपूरा | 354.08 | 108.42 | 287.20 | -16.38 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 13101.80 | 3714.70 | 11812.89 | 223.74 |
| 34. | उत्तरांचल | 1809.47 | 487.36 | 1684.02 | 113.93 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 15964.53 | 5635.50 | 12600.41 | 33.78 |
| | कुल | **125557.41** | **32435.49** | **103275.47** | **-10230.06** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR